भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3978**
जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**दिल्ली-जयपुर राजमार्ग (एनएच 48) को छह लेन का बनाना**

3978. श्री राव राजेन्द्र सिंह:
क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दिल्ली-जयपुर राजमार्ग (एनएच 48) को छह लेन का बनाए जाने की प्रक्रिया लगभग पन्द्रह वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरी पड़ी है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार के पास विगत छह महीनों के दौरान उपरोक्त राजमार्ग पर हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं, घायलों और मृतकों के संबंध में कोई आंकड़े हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस पर लंबित कार्यों को पूरा करने तथा यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं और किए जाएंगे?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) एनएच-48 के दिल्ली-गुड़गांव खंड के किमी 11.060 से किमी 42.000 तक 6 लेन का बनाने का कार्य 30.04.2003 से शुरू हुआ था, जो 22-08-2009 को पूरा हो चुका है। एनएच-48 के गुरुग्राम - कोटपुतली -जयपुर खंड अर्थात शेष खंड को 6 लेन का बनाने का कार्य बीओटी (टोल) मोड पर शुरू किया गया। इस कार्य के शुरू होने की तिथि 03.04.2009 थी और इसके पूरा होने की निर्धारित तिथि 01.10.2011 थी। भूमि अधिग्रहण, जन सुविधा संबंधी उपयोगिताओं का स्थानांतरण, अन्य संरचनाओं का स्थानांतरण और वन विभागों से मंजूरी प्राप्त करने में देरी एवं रेलवे से जीएडी की मंजूरी मिलने में देरी जैसी निर्माण-पूर्व गतिविधियों के पूरा होने में देरी के कारण यह कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका। मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) के प्रतिबंध के कारण, इस खंड का विकास उपलब्ध भूमि के भीतर करने का निर्णय लिया गया और तदनुसार, संरचनाओं के निर्माण से संबंधित कुछ मदों/कार्यों को कार्य पूरा होने से अलग कर दिया गया।

इसके अलावा, रियायतग्राही द्वारा अपने दायित्वों को पूरा करने में लगातार चूक और परियोजना राजमार्ग का रखरखाव न करने के कारण, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 03.06.2022 से परियोजना वाले राजमार्ग को अपने अधीन ले लिया है और शेष कार्य के सुदृढ़ीकरण/ओवरलेइंग करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।

(ख) पिछले छह माह के दौरान दुर्घटनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| दुर्घटनाओं की कुल संख्या | चोटें (गंभीर) | मौतें |
|---|---|---|
| 854 | 116 | 24 |

(ग) राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के गुरुग्राम - कोटपुतली -जयपुर खंड पर राजस्थान राज्य में निम्नलिखित सुधार/शेष कार्य चल रहे हैं:

(i) मौजूदा मुख्य कैरिजवे और सर्विस रोड के सुदृढ़ीकरण/ओवरलेइंग का कार्य प्रगति पर है, जिसे फरवरी, 2025 तक निर्धारित किए गए संशोधित रूप से पूरा करने का लक्ष्य है।
(ii) शेष संरचनाओं और फ्लाईओवर का कार्य प्रगति पर है, जिसे जुलाई, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है।
(iii) इसके अलावा, रखरखाव और घटना प्रबंधन का कार्य भी प्रगति पर है।

*****